

जनसंपर्क करते यूकेडी प्रत्याशी।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी हिमपात के बाद खुला मौसम

**संवाददाता** देहरादून। उच्च हिमालयी क्षेत्रों और निचले क्षेत्रों में कई दिनों तक मौसम के खुलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अब इन क्षेत्रों में हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। शनिवार को राजधानी देहरादून सहित राज्य के अन्य इलाकों में मौसम साफ बना रहा। सुबह से ही चटख धूप खिली रही। मौसम साफ होने से लोगों से कड़ाके की ठंड से राहत मिल रही है। लगातार एक सप्ताह तक बर्फबारी के बाद पिथौरागढ़ जनपद के हिमालयी क्षेत्र में अब हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। शुक्रवार को धारचूला के नपलच्यू गांव के ठीक सामने भारी हिमस्खलन हुआ।

### भाजपा कर रही झूठ और फरेब की राजनीतिः कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के नेता झूठ और फरेब की राजनीति करते हैं, आज आम आदमी के सामने जो महंगाई व बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की समस्याएं हैं वह भाजपा की देन है। केंद्र की मोदी व राज्य की भाजपा सरकार ने अपने किए हुए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात कांग्रेस के नेता व प्रवक्ता शक्ति सिंह मोहिल व गौरव बल्लभ ने कही। मोहिल ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के सगूफे पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा का यह डबल इंजन बीते 7 साल से एक पूर्व की ओर गाड़ी को खींच रहा है।

### उक्रांद 51 सीटों पर ही उतार पाया उम्मीदवार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल राज्य की सभी 70 सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतार पाया। उक्रांद को प्रत्याशी नहीं मिले, इसलिए दल सिर्फ 51 सीटों पर ही उम्मीदवार उतार पाया। दो सीटों पर सहयोगी दलों को समर्थन देने की घोषणा दल ने की है। शेष सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई। रानीखेत से दल ने तुला सिंह तड़ियाल और मसूरी से शकुंतला रावत को प्रत्याशी घोषित किया। प्रतापनगर सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी पंकज व्यास को समर्थन दिया है।

### दून एनिमल वेलफेयर संस्था ने जागरूकता के लिए चलाया अभियान

**संवाददाता** देहरादून। पिछले कुछ दिनों से बढती ठण्ड ने सबके हाल बुरे कर दिए। जहाँ इंसान बोलकर अपनी परेशानी बयान कर सकता है। वहीं इंसान का सबसे अच्छा और सच्चा दोस्त , डॉग अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर सकता। कड़ाके की सर्दी के बीच देहरादून में कार्यरत संस्था दून एनिमल वेलफेयर ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठण्ड से ठिठुर रहे बेजुबान डॉग्स को सर्दी से बचने के लिए 26 जनवरी 2022 को डॉग कोट ड्राइव का आयोजन किया।

# 10 कोरोना संक्रमितों की मौत राज्य में मिले 2490 नए मरीज

**कोरोना अपडेट**

- संक्रमितों की तुलना में 2320 मरीज ठीक हुए
- 30985 सक्रिय मरीजों का चल रहा इलाज, देहरादून में सबसे ज्यादा 1005 संक्रमित मिले

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में बीते 24 घंटे के भीतर 2490 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 10 मरीजों की मौत हुई है। संक्रमितों की तुलना में ठीक होने वालों की संख्या कम है। 30985 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शनिवार को देहरादून में 1005 संक्रमित मिले हैं। हरिद्वार में 241, नैनीताल में 222, पौड़ी में 125, ऊधमसिंह नगर में 108, अल्मोड़ा में 127, रुद्रप्रयाग में 186, उत्तरकाशी में 32, बागेश्वर में 93, चंपावत में 20, पिथौरागढ़ में 124, चमोली में 118, टिहरी जिले में 79 संक्रमित मिले हैं। कोरोना की तीसरी लहर में अब तक 113 मरीजों की मौतें हो चुकी है। जबकि संक्रमितों की तुलना में 2320 मरीज ठीक हुए हैं। कुल संक्रमितों की संख्या 72917 हो गई है। इसमें 39632 स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश की रिकवरी दर 54.35 प्रतिशत और सैंपल जांच के आधार पर संक्रमण दर 8.87 प्रतिशत दर्ज की गई है।



**अब 18 फरवरी को होंगी प्री बोर्ड परीक्षाएंः** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते स्थगित 10वीं और 12वीं की प्री–बोर्ड परीक्षाएं अब आगामी 18 फरवरी को होंगी। पहले ये प्री–बोर्ड परीक्षाएं 24 जनवरी से शुरू होनी थीं। शिक्षा विभाग ने ये फैसला सरकार के 31 जनवरी से स्कूल खोलने के आदेश जारी होने के बाद लिया है।

दरअसल, शिक्षा विभाग ने 19 जनवरी को 10वीं और 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं कराए जाने का निर्णय लिया था। उस दौरान प्री बोर्ड परीक्षाएं 28 जनवरी से शुरू करने का फैसला लिया गया था। हालांकि बाद में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर परीक्षाओं की तिथि बदलकर 24 जनवरी कर दी गई थी। इसी बीच कोरोना महामारी की तीसरी लहर चरम पर पहुंचने लगी तो सरकार की नई गाइडलाइन जारी होते ही शिक्षा विभाग ने प्री–बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कर दिया था।

ये भी स्पष्ट कर दिया था कि अब परीक्षाएं कब होगी ये निर्धारित नहीं है। अब सरकार ने 31 जनवरी से कक्षा 10 से 12वीं तक के स्कूल भौतिक रूप से खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं स्कूल खुलने के बाद शिक्षा विभाग ने अब प्री बोर्ड परीक्षाएं कराने का फैसला लिया है।

बोर्ड मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने बताया कि अब प्री बोर्ड परीक्षाएं आगामी 18 से 25 फरवरी तक कराई जाएंगी। तिथि बदलने के अलावा सभी नियम पहले जैसे ही रहेंगे।

### सेनाओं से करते हैं जो धोखा, उन्हें कोई क्यों दे मौकाः सुरजेवाला

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की मोदी सरकार पर सेना की कुर्बानी और शौर्य का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए करने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ सेना, अर्द्धसैनिकों और उनके परिजनों के हितों के साथ भी कुठाराघात करने का आरोप लगाया है। एआईसीसी के मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने देहरादून में एक प्रेसवार्ता में 'शौर्य के नाम पर वोट, सेना के हितों पर चोट' पत्रिका जारी कर केंद्र सरकार से सेना से जुड़े तमाम सवाल पूछे। उनका कहना है कि जो सेनाओं से धोखा करते हैं, उन्हें क्यों फिर से मौका मिले।

सेना से जुड़े मुद्दे बिंदुवार गिनाते हुए पार्टी महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि सेनाओं में एक लाख 22 हजार 555 पद खाली पड़े हैं, इनमें से दस हजार पद सैन्य अधिकारियों के हैं। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने वन रैंक वन पेंशन के नाम पर भी सैनिकों से धोखा किया है। इसे पांच स्लॉट में बांटकर वन रैंक, पांच पेंशन बना दिया है। पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य योजना ईसीएचएस में अनुबंधित अस्पतालों का लगातार पैसा रोका जा रहा है।

# एक बार फिर जनता लाएगी बीजेपी की सरकार

**प्रचार**

- सीएम धामी ने चिन्यालीसौड़ में किया डोर–टू–डोर प्रचार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ पहुंच डोर–टू–डोर कैंपेन किया। उन्होंने चिन्यालीसौड़ पहुंच यमुनोत्री विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केदार सिंह रावत के समर्थन में वोट की अपील की। चुनावी प्रचार अभियान शुरू करने से पहले सीएम धामी ने मनकामेश्वर मंदिर पहुंच भगवान का आशीर्वाद लिया।



सीएम पुष्कर सिंह सिंह धामी शनिवार को हेलीपैड से सीधे मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा–अर्चना की और उसके बाद यमुनोत्री विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केदार रावत के पक्ष में चिन्यालीसौड़ बाजार से नागणी तक डोर–टू–डोर पहुंचकर समर्थन मांगा।

इसके साथ ही जनता को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह चुनाव काम करने और कारनामा करने वालों के बीच है। इसीलिए यह तय है कि इस बार जनता काम करने वाली भाजपा को चुनेगी, जिससे इस बार 60 से अधिक सीटे भाजपा की आ रही हैं।

### यूकेडी के रायपुर क्षेत्र के प्रत्याशी अनिल डोभाल ने जनसंपर्क अभियान तेज किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल का चुनाव प्रचार जोर–शोर से चल रहा है। रायपुर विधानसभा सीट से उक्रांद प्रत्याशी अनिल डोभाल ने गढ़वाली कॉलोनी, नेहरू ग्राम में कार्यकर्ताओं के साथ घर–घर जाकर जनसंपर्क किया और वोट मांगे। इस अवसर पर जनता के बीच अपनी बात रखते हुए डोभाल ने कहा कि इन 22 वर्षों में भाजपा कांग्रेस ने बारी–बारी से राज्य को लूटा है। इन वर्षों में राज्य में बेहताशा बेरोजगारी बढ़ी, वही महिलाएं असुरक्षित हैं। इस दौरान दल के अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी द्वारा रायपुर विधानसभा सीट पर उत्तराखंड समानता पार्टी से वार्ता करके रायपुर विधानसभा में उक्रांद प्रत्याशी अनिल डोभाल को पूर्ण समर्थन देने की अपील की तो उत्तराखंड समानता पार्टी के प्रत्याशी ने नाम वापिस लेने का फैसला किया है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।